आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 02.06.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- चार जून को होने वाली मतगणना की सुचारू व्यवस्था की समीक्षा के लिए कल जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र में पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया।
- चार जून को होने वाली मतगणना और श्रोताओं तक मतगणना की ताजा जानकारी पहुंचाने के लिए आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से विशेष समाचार बुलेटिन का प्रसारण होगा।
- आकाशवाणी का पोर्ट ब्लेयर केन्द्र आज अपना इकसठवां वर्षगांठ मना रहा है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में अक्षय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दक्षिण अंडमान जिले में मुंह और खुर की बीमारी की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाली मतगणना की सुचारू व्यवस्था की समीक्षा के लिए कल जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र में पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा और चुनाव से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ जे एन आर एम मतगणना केन्द्र का दौरा किया और मतगणना व्यवस्था की समीक्षा की। वोटो की गिनती चार जून को सुबह आठ बजे से जे एन आर एम स्थित मतगणना केन्द्र में होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी और मतगणना से संबधित अधिकारियों की टीम ने काउन्टिंग हॉल का दौरा किया और वहां वोटो की गिनती के लिए की गई व्यवस्था जैसे प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं, नियमित बिजली आपूर्ति, संचार सुविधा, सी सी टी वी डिसप्ले, मतगणना कर्मचारियों, उम्मीदवारों और एजेंटो के लिए स्थान की सुविधाएं उपलब्ध कराना, भारत निर्वाचन आयोग की दिशा–निर्देशों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना की सूचना के प्रसार के

लिए मतगणना केन्द्र में एक सार्वजनिक सम्बोधन प्रणाली उपलब्ध कराने, डेटा के निर्बाध प्रसारण के लिए आवश्यक आई टी बुनियादी ढ़ांचे की उपलब्धता सुनिश्चित की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वोटो की गिनती के दौरान प्रत्येक राउंड पूरा होने के बाद परिणामों के उचित प्रसार के लिए मीडिया कर्मियों के लिए उपलबध सुविधाओं के लिए मीडिया सेन्टर का भी दौरा किया। मतगणना केन्द्र पर मतगणना के दिन सुचारू वोटों की गिनती के लिए आयोग के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन अधिकारी द्वारा किए गए आवश्यक बुनियादी ढ़ाचे और सुरक्षा व्यवस्था पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपनी संतुष्टि व्यक्त की।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाली मतगणना और श्रोताओं तक मतगणना की ताजा जानकारी पहुंचाने के लिए आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से विशेष समाचार बुलेटिन का प्रसारण होगा। चार जून को सुबह साढ़े नौ बजे, साढ़े दस बजे, साढ़े ग्यारह, साढ़े बारह, दिन में डेढ़ बजे के बाद शाम तीन बजे, चार बजे, पांच बजे, साढ़े छः बजे, सात बजकर पैंतालीस मिनट पर और साढ़े आठ बजे के बाद भी यदि मतगणना का कार्य पूरा नहीं हुआ, तो रात्रि साढ़े नौ बजे, साढ़े दस बजे के बाद भी मतगणना की समाप्ति तक विशेष चुनाव समाचार बुलेटिन जारी रहेगा। यह प्रसारण मीडियम वेव छः सौ चौरासी किलोहट्र्ज के अलावा एफ.एम 100.9 मेगाहर्टज़ पर भी उपलब्ध रहेगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी का पोर्ट ब्लेयर केन्द्र आज अपना इकसठवां वर्षगांठ मना रहा है। आज ही के दो जून उन्नीस सौ तिरसठ को इसकी स्थापना हुई थी। तब से लेकर आज तक ये केन्द्र द्वीपवासियों की सेवा के लिए समर्पित है। आज दिन में आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर परिसर में कार्यक्रम भी आयोजित होगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में कल ज़िला उपायुक्त कार्यालय के अलावा राजस्व विभाग के अधीन अन्य कार्यालयों में सफाई अभियान चलाया गया। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। पहलगांव और चेनपुर ग्राम

पंचायतों का दौरा कर स्वच्छ पंचायत अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। स्थानीय निवासियों से मुलाकात की गई और उनसे इस अभियान में शामिल होने का अनुरोध किया गया। ज़िला उपायुक्त ने  व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर जानकारी देते हुए चल रही ढांचागत परियोजनाओं की जानकारी हासिल की। पंचायतों के प्रधान और पंचायत सचिवों ने कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में अक्षय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को अक्षय ऊर्जा परियोजना के आंकलन, उसके डिजाइन, संचालन और छत के ऊपर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए विभिन्न बिंदुओं से उन्हें अवगत कराना था। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए ऊर्जा सचिव रंजना देशवाल ने कहा कि सरकार दो हजार तीस तक पांच सौ गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। अंडमान निकोबार प्रशासन द्वीपों में स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा के लिए अग्रिम प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल पर काम कर रहा है। इस तरह की कार्यशाला इस दिशा में काफी लाभकारी होगा। नए और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के उप–सचिव दिव्यांशु झा ने हाल ही में शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना छत के ऊपर सौर ऊर्जा स्थापित करने तथा एक करोड़ घरों को तीन सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। द्वीपसमूह को हरा–भरा बनाए रखने में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विद्युत विभाग की अधीक्षण अभियंता माधुरी शुक्ला ने छत के ऊपर सौर ऊर्जा स्थापित करने और उपभोक्ताओं के कौशल विकास के महत्व पर जानकारी दी। कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिभागियों में प्रमाणपत्रों का भी वितरण किया गया।

<><><><><><><>

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर हाल ही में द्वीपसमूह के सभी स्वास्थ्य और देखभाल केन्द्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध के नोडल अधिकारी डॉ.

सत्याजित हलदार ने इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उप–निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अविजित रॉय ने बच्चों को तम्बाकू उद्योग से बचाने पर अपने विचार रखे। दंत सर्जन डॉ. संजीव जयचंद ने तम्बाकू के सेवन से मौखिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर की जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के उप–प्रधानाचार्य एम.के शुक्ला ने भी अपने विचार रख।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दक्षिण अंडमान जिले में कल से मुंह और खुर की बीमारी की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई। एक माह तक चलने वाले इस अभियान के दौरान मुंह और खुर की बीमारी से लड़ने के लिए पशुओं को टीका लगाया जाएगा। उन्हें टैग किया जाएगा और पशुधन पोर्टल में उनका पंजीकरण होगा। पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग टीकाकरण टीम को किसानों के घरों तक भेजेगा। सभी किसानों और पशुधन मालिकों से टीकाकरण टीम के साथ सहयोग करने को कहा गया है। उनकी भागीदारी से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकेगा। टीकाकरण पशुओं को न सिर्फ मुंह और खुर की बीमारी से बचाता है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और पशुओं की देखभाल में सहयोगी भी होता है।

<><><><><><><>

मानव–मगरमच्छ संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग की दक्षिण अंडमान संभाग द्वारा कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। टुसनाबाद, रामनगर, कैडलगंज, सोना पहाड़, फरारगंज, शैतानखाड़ी, मथुरा और अलीपुर गांव में कल आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों और मछुआरों से मांस–मछलियों के अवशेष नाला या खाड़ियों में न डालने को कहा गया, क्योंकि इससे मगरमच्छ आकर्षित होते हैं। बारिश के कारण नालों में जल जमावड़े की स्थिति में मगरमच्छ के गांव के नजदीक आने की संभावना बढ़ जाती है और इससे मानव–मगरमच्छ संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आम जनता से ऐसे बाढ़ वाले क्षेत्रों से दूर रहने और पशुओं को नालों आदि के नजदीक चारागाह के लिए न छोड़ने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>